# तेरे सिवा कोई ना मेरा | by Sunita Yadav

आओ आओ मेरे श्याम सरकार तेरे सिवा कोई ना मेरा
मन्ने देख लिया संसार सच्चा तू सहारा मेरा
आओ आओ मेरे श्याम सरकार ...........

तेरी महिमा का सारी दुनिया में शोर है
दुनिया में शोर है ......
इसलिए मन्ने सौंपी तेरे हाथों डोर है
तेरे हाथों डोर है ........
काहे करते हो सोच विचार तेरे सिवा कोई ना मेरा
आओ आओ मेरे श्याम सरकार ...........

मारो चाहे तारो बाबा ये तो तेरा काम है
ये तो तेरा काम है .....
हारे का दे साथ सदा दीन बंधू नाम है
दीन बंधू नाम है .......
मेरी बिगड़ी प्रभु सुधार तेरे सिवा कोई ना मेरा
आओ आओ मेरे श्याम सरकार ...........

प्रेम का पुजारी तू है हमें थोड़ा प्यार दे
हमें थोड़ा प्यार दे........
जैसा भी हूँ तेरा मेरा जीवन संवार दे
जीवन संवार दे .......
अब जाऊं मैं किसके द्वार तेरे सिवा कोई ना मेरा
आओ आओ मेरे श्याम सरकार ...........

यही है तमन्ना मेरी द्वार तेरे आऊं मैं
द्वार तेरे आऊं मैं .........
श्याम सुन्दर नित प्रति गुण तेरे गाऊँ मैं
गुण तेरे गाऊं मैं ........
करो स्वप्न मेरा साकार तेरे सिवा कोई ना मेरा
आओ आओ मेरे श्याम सरकार ...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%bf%e0%a4%b5%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%88-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-sunita-yadav/